# भिलाई शहर में 1415 आवासों का किया जायेगा निर्माण–आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

**भिलाईनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 1415 आवासों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। आवास निर्माण हेतु 15 स्थलों का चयन कर प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। उक्त स्थल का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा दिनांक 03.01.2025 को किया गया। भारत सरकार द्वारा मकानहीन परिवारो को स्वयं का पक्का मकान देने की योजना चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भिलाई शहर के कई स्थलों में आवास का निर्माण किया जाना है। आवास निर्माण कार्य पूर्ण होते ही जरूरतमंद हितग्राहियों को नियमानुसार मकान आबंटित किया जायेगा। जिन परिवारों के पास भारत में कहीं भी स्वयं के नाम पर जमीन नहीं है, उनको शासन द्वारा 3.25 लाख रूपये में आवास प्रदान किया जायेगा। वहीं स्लम बस्ती में निवासरत परिवारों को अन्य स्थल में व्यवस्थापन कर 1.45 लाख रूपये में आवास देने का प्रावधान है। भिलाई शहर के अन्य स्थलों पर आवास निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकित किया गया है। प्रमुख स्थल अनुष्ठा रेसिडेंशी, खम्हरिया रोड एसबीआई कालोनी में ईडब्लूएस के लिए आरक्षित प्लाट, अविनाश सिटी, जुनवानी रोड नहर किनारे, सूर्या मॉल के पीछे, हाईटेक के बाजू में सीरियल कंस्ट्रक्शन, जुनवानी पेट्रोल पम्प एवं अन्य स्थल  शामिल है। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना से दीपक देवांगन, भवन अनुज्ञा से दौलत चंद्राकर, प्रधानमंत्री आवास योजना सीएलटीसी आदित्य सिंह उपस्थित रहे।

